कार्यालय प्राचार्य, जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा
अण्टाघर सर्किल के पास, नयापुरा, कोटा 324001
टेलिफोन व फैक्स नं. 0744–2324074
ई–मेल : jdbcollege@gmail.com and ggsckota@gmail.com

क्रमांक: DLQAC /जादेब / 2022 / 7150 दिनांक: 25/3/2022

DLQAC बैठक कार्यवाही विवरण 24.03.2022

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा द्वारा आज दिनांक 24.03.2022 को दोपहर 12.00 बजे DLQAC की आनलाईन मोड पर बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में कोटा संभाग के कोटा, बूँदी बारां व झालावाड़ जिले के नोडल महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

डॉ. शुचिता जैन, समन्वयक ने सर्वप्रथम बैठक में विभिन्न महाविद्यालयों से ऑनलाईन बैठक में उपस्थित प्राचार्य व आईक्यूएसी समन्वयकों तथा आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर से SLQAC प्रभारी डॉ. श्रुति गुप्ता, डॉ. रश्मि वर्मा का स्वागत किया।

डॉ. अनिता कोठारी, प्राचार्य एवं संयोजिका DLQAC, जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा ने अपने स्वागत भाषण में सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक का मुख्य एजेण्डा AQAR 2020-21 की ओर ध्यान आकर्षित किया तथा सभी महाविद्यालयों को AQAR 2020-21 समय पर भरने को कहा। इसके साथ ही निर्देशित किया कि जिन महाविद्यालयों को PAC की तैयारी करनी है वह अपनी तैयारी पूर्ण कर लेंवे व आवश्यक सूचनाओं का संधारण नियमित रूप से करते रहें।

ऑनलाईन बैठक में उपस्थित विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं आईक्यूएसी समन्वयकों ने महाविद्यालय की 2(F) & 12(b), PAC व NAAC Spredsheet भरने सम्बन्धी सूचनाओं से अवगत करवाया।

डॉ. श्रुति गुप्ता, प्रतिनिधि, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर ने सभी नोडल महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि NAAC द्वारा दिये गये नवीन प्रारूप में प्रावधानों के अनुसार PAC की तैयारी करें व तत्पश्चात् ग्रेड प्रणाली प्रत्यायन के लिये तैयारी करें।

डॉ. विजेन्द्र गौत्तम, IQAC समन्वयक ने राजकीय महाविद्यालय बून्दी की SSR की तैयारी पूर्ण होने की सूचना देकर IIQA जल्द ही फाईल करने जा रहे, के बारे में बताया। डॉ. सतीश सारस्वत, प्राचार्य ने राजकीय महाविद्यालय बून्दी की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय की AQAR 2020-21 दिनांक 28 मार्च 2022 तक भर दी जायेगी। डॉ. सतीश सारस्वत, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय बून्दी ने बताया कि महाविद्यालय का IIQA अप्रैल के प्रथम सप्ताह में आवेदन किया जायेगा।

श्रीमती सीमा सिंह, IQAC समन्वयक, राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय कोटा ने 2020–21 का AQAR भरने की चल रही प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी तथा 31 मार्च 2022 तक भरने की बात कही।

श्री. फूल सिंह गुर्जर, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय झालावाड़ ने AQAR 2020-21 नैक पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है तथा SSR माह जुलाई 2022 तक तैयार की जा सकेगी।

श्री कृष्ण मुरारी मीणा, IQAC समन्वयक, राजकीय महाविद्यालय बारां ने बताया कि AQAR 2020-21, 31 मार्च 2022 तक निश्चित रूप से भर दी जायेगी तथा SSR भी तैयार की जा रही है। राजकीय कन्या महाविद्यालय बारां ने AQAR भरवाना अब प्रारम्भ किया है।

श्री अरूण कुमार, IQAC समन्वयक, राजकीय महाविद्यालय कोटा ने AQAR 2020-21 नैक पोर्टल पर अपलोड कर दी है तथा समीक्षा कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय की नैक प्रत्यायन द्वितीय चक्र की तिथि शीघ्र ही निश्चित की जायेगी। डॉ. अरूण कुमार ने सुझाव दिया कि नैक राजस्थान स्प्रेडशीट में PAC सम्बन्धी कॉलम और जोड़े जाये और सभी महाविद्यालयों द्वारा स्प्रेडशीट में अद्यतन की जानकारी पर जोर देने को कहा।

डॉ. शुचिता जैन, IQAC समन्वयक, जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा ने बताया कि महाविद्यालय का AQAR आज दिनांक 24.03.2022 को पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

Scanned with OKEN Scanner

डॉ. रघुराज परिहार, सहायक निदेशक, कॉलेज शिक्षा परिक्षेत्र कोटा ने सभी महाविद्यालयों को AQAR 2020-21 व नैक प्रत्यायन प्रक्रिया हेतु परस्पर सहयोग तथा अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए समय पर पूर्ण करने पर जोर दिया।

डॉ. शुचिता जैन, प्रभारी IQAC ने Criterion-VI (Governance, Leadership and Management) को पावरपॉईन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तार से समझाया तथा आवश्यक दस्तावेजों की सूचना संधारित करने के लिये कहा जिसमें SSR व AQAR तैयार करनें में कोई परेशानी न हो।

डॉ. शुचिता जैन ने SLQAC द्वारा चलाये गये अभियान से महाविद्यालयों में हुए सुधार के लिये डॉ. श्रुति गुप्ता, SLQAC सदस्य को विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया। तत्पश्चात् सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

अनिता 25.03.2022

डॉ. अनिता कोठारी

प्राचार्य एवं समन्वयक डीएलक्यूएसी

जा.दे.ब.राज.कन्या महाविद्यालय कोटा

Scanned with OKEN Scanner